अमर उजाला 20/03/2025

# स्वास्थ्य शिविर में की कैंसर की जांच



**शिविर में रक्तदान करते रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते मुख्य अतिथि।** संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में बुधवार को जेसीआई संस्था की ओर से रक्तदान शिविर लगाया। इसमें छावनी के नागरिक अस्पताल, मोहाली के एक निजी अस्पताल और ड्रॉप्स ऑफ चेंज संस्था ने सहयोग किया। संयुक्त रूप से लगाए शिविर में रक्तदान के अलावा महिलाओं में कैंसर की जांच की। इसमें विद्यार्थियों, अध्यापकों और स्थानीय नागरिकों ने रक्तदान किया। इसके साथ ही जांच शिविर में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।